<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 15.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, कई अहम प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य के सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में आज निकाली जा रही है तिरंगा यात्रा, भारतीय सैनिकों के प्रति जताया जा रहा है आभार।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में शहीद स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का किया अनावरण, उनके साहस और बलिदान को किया नमन।
- राज्य के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद की तबीयत अचानक बिगड़ी, सीने में दर्द की शिकायत के बाद रांची के एक निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती।
- पेसा कानून पर आज रांची में कार्यशाला का आयोजन, राज्य के आधा दर्जन मंत्री ले रहे हैं हिस्सा, देंगे अपने अहम सुझाव।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में झारखंड यूनिवर्सिटी बिल और नयी उत्पाद नीति का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसके अलावा राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान– तिरंगा यात्रा के आयोजन का सिलसिला जारी है। राज्य में आज सभी प्रमंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस कड़ी में आज पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में तिरंगा यात्रा निकाल कर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। तिरंगा यात्रा में सांसद वीडी राम के अलावा भाजपा के कई विधायक शामिल हुए।
उधर, साहिबगंज में भाजपा नगर मंडल की ओर से आज सुबह गांधी चौक से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसमें पूर्व विधायक अनंत ओझा समेत कई भाजपा नेता शामिल हुए। इधर, जमशेदपुर में नागरिक बैनर के तले आज विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा शाम 4 बजे साकची स्थित जुबिली पार्क गोलचक्कर से प्रारंभ होकर बसंत टॉकीज गोलचक्कर के रास्ते नेताजी सुभाष मैदान तक पहुंचेगी। यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी भी शामिल होंगे।

********************

इस बीच भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित किया है कि आतंकवाद के खिलाफ विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता भारत में है।

********************

देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि भाजपा जनभावनाओं का राजनीतिकरण कर रही है।

********************

केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री कृति वर्धन सिंह दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे हैं। वे आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक के बाद वे स्थल निरीक्षण कर भौतिक रुप से योजनाओं का जायजा लेंगे।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के भालुकबिंदा के पास शहीद स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने वीर शहीद चानकु महतो के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत स्मृति है, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि चानकु महतो न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि अधिकारों की रक्षा के लिए जनचेतना के अग्रदूत भी थे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

राज्य के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद की तबीयत आज अचानक बिगड़ गयी। सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें आनन–फानन में रांची के धुर्वा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिये।

********************

बोकारो जिले में चास बाजार में जाम एक आम समस्या बन गयी है। इससे सभी वर्ग के लोग परेशान हैं।

********************

पेसा कानून पर आज रांची में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री नेहा तिर्की, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री सुदिव्य कुमार समेत राज्य के करीब आधा दर्जन मंत्री शामिल हैं। इस दौरान पेसा नियमावली पर विशेषज्ञों की राय ली जा रही है।

********************

देखो अपना देश और एक भारत– श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत रेल मंत्रालय और आईआरसीटीसी की ओर से झारखंड से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन चलायी जाएगी। 31 मई को यह ट्रेन धनबाद से खुलेगी और कोडरमा के रास्ते बिहार और उत्तर प्रदेश समेत कई दूसरे राज्यों का भ्रमण करते हुए 7 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन पर्यटकों को कराएगी। आईआरसीटीसी के उप महाप्रबंधक एस जेराल्ड सोरेंग ने बताया कि 13 दिनों की इस यात्रा के लिए आकर्षक टूर पैकेज तैयार किया गया है, जिसमें रेल मंत्रालय की ओर से 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है।

********************

भारतीय शेयर बाजारों में आज तेज गिरावट देखी गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 568 अंक लुढ़ककर 80,762 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं निफ्टी 172 अंक टूटकर 24,500 के नीचे पहुंच गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार 8 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज शाम से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है, और 18 मई तक अधिकत्तर जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है।

********************

हजारीबाग में आयोजित शतरंज की पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आज समापन होगा। प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा 13 राज्यों के 600 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग जैसे छोटे शहर में होना काफी महत्वपूर्ण ळें

********************